# राज्य/जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह हेतु प्रस्ताव भिजवाने हेतु दिशा–निर्देश

## प्रेरकों द्वारा ऑन–लाईन प्रस्ताव प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

1. प्रेरक हेतु आवेदन वे ही कर सकते है जिनको किसी भी भामाशाह द्वारा अपने प्रस्ताव में नामित किया गया है। अर्थात् पहले भामाशाह द्वारा प्रेरक को किसी प्रोजेक्ट हेतु नामित किया जाना चाहिए। उसके उपरान्त ही प्रेरक प्रस्ताव वाला पेज प्रारंभ होगा।
2. प्रेरक द्वारा अंकित किये गये मोबाइल नम्बर (शिक्षा विभाग के कार्मिक की स्थिति में शाला दर्पण पोर्टल पर अंकित मोबाइल नम्बर) के आधार पर ही पेज प्रदर्शित होगा। यदि प्रेरक का पूर्व में ज्ञान संकल्प पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं है तो पहले व्यक्तिगत दानदाता के रूप में मोबाइल नम्बर के आधार पर अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा।
3. यदि पूर्व में ज्ञान संकल्प पोर्टल पर रजिस्टर है और लॉगिन नहीं कर पा रहे है तो लॉगिन पेज पर उपलब्ध फोरगेट पासवर्ड की मदद से अपना पैन कार्ड/आधार कार्ड/ पासपोर्ट क्रमांक अंकित कर पासवर्ड रिसेट करे।
4. ज्ञान संकल्प पोर्टल पर केवल भारतीय निवासी की स्थिति में मोबाईल नम्बर लॉगिन आईडी होगा
5. प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पूर्व सभी प्रेरक अपना प्रोफाईल अपडेट आवश्यक रूप से पूर्ण करें। व्यक्तिगत दानदाता (भारतीय/गैर भारतीय) अपना फोटो अपलोड करें।
6. रजिस्टर के उपरान्त लॉगिन के बाद डेशबोर्ड पर उपलब्ध आवेदन प्रारूपव दिशा–निर्देशों को डाउनलोड कर प्रिंट लेवें। दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर आवेदन प्रारूप को भरकर पूर्ति करें। जिससे ऑनलाईन इन्द्राज की जाने वाली सूचनाओं के समस्त जानकारी एकत्रित की जा सकें।
7. वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु एक प्रेरक से एक ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा।
8. प्रेरक हेतु जारी की जाने वाली प्रशस्ति पर अंकित किये जाने वाले भामाशाह/दानदाता हस्ताक्षर भी डिजिटल रूप में अपलोड किया जावें।
9. प्रेरक अपना परिचय कम से कम 250 शब्द लिखकर तैयार करावें।
10. सभी फोटो व हस्ताक्षर .JPEG/.JPG फोरमेट में तैयार करावें। जिसकी साइज 100 केबी से अधिक नहीं होनी चाहिए।

वेबसाइड पर ऑन–लाईन किये जाने के दौरान :–

1. ज्ञान संकल्प पोर्टल पर रजिस्टर भामाशाह/दानदाता द्वारा यदि पूर्व में प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अनुमोदन करवाया गया है तो इस स्थिति में उसकी वर्तमान स्थिति तथा कार्य की पूर्णता की दिनांक एवं अंतिम लागत मूल्य (लाखों में) आवश्यक रूप से अंकित करें क्योंकि ये सूचनाऐं भामाशाह प्रस्ताव के समय स्वतः ही कार्य पूर्णता दिनांक के आधार पर वित्तीय वर्ष में प्रदर्शित होगी। भामाशाह/दानदाता द्वारा लॉगिन पर DashBoard पर श्रेणीवार View Detailलिंक के माध्यम से प्रोजेक्ट चयन कर वर्तमान स्थिति व राशि अपडेट की जा सकती है।

2. बिन्दु संख्या 1 के आधार पर अंकित कार्यों हेतु भामाशाह द्वारा प्रत्येक कार्य हेतु अंकित प्रेरक के आधार पर ही प्रेरक के लॉगिन पर कार्य स्वतः ही प्रदर्शित होगे।

3. वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेरक द्वारा प्रेरित किये गये भामाशाहों के सहयोग/भौतिक विकास कार्य हेतु की विद्यालयवार व वर्षवार अनुमानित लागत व अंतिम लागत सहित कार्य पूर्णता दिनांक की सूची बनवाकर भामाशाहों से ऑनलाईन आवेदन करावें जिससे कि आपके आवेदन में स्वतः ही प्रदर्शित हो सकें।

4. मोबाइल/ईमेल पर प्राप्त OTP के माध्यम से सत्यापित प्रस्ताव के बाद किसी भी प्रकार का संसोधन संभव नहीं होगा। अतः सत्यापित करने से पूर्व आवश्यक रूप से भरे हुए प्रस्तावित प्रारूप की जांच करलें।

5. प्रेरक प्रारूप में बिन्दु वार सूचनाऐं निम्न प्रकार से इन्द्राज करें–

| | | |
|---|---|---|
| ए. | **प्रेरक सामान्य जानकारी (ज्ञान संकल्प पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के अनुसार प्रदर्शित होगी)** | |
| | प्रेरक की निम्न जानकारी ज्ञान संकल्प पोर्टल पर रजिस्टर के दौरान इन्द्राज की गई जानकारी से स्वतः ही प्रदर्शित होगी। त्रुटि होने की स्थिति में पहले ज्ञान संकल्प पोर्टल की प्रोफाइल को अपडेट करें। | |
| **1.** | **प्रेरक व्यक्तिगत विवरण** | |
| | अ– प्रेरक का नाम | प्रेरक वहीं जानकारी इन्द्राज करें जो प्रशस्ति पर अंकित की जाएगी<br><br>व्यक्तिगत दानदाता (भारतीय निवासी/अनिवासी भारतीय) की स्थिति में नाम, मोबाइल नम्बर, ई–मेल व वर्तमान/स्थायी पता प्रोफाईल से स्वतः प्रदर्शित होगा, किसी त्रुटि की स्थिति में अपना प्रोफाइल अपडेट करें। |
| | आ– पिता/पति का नाम | |
| | इ– पद व पदस्थापन स्थान | |
| | ई– एम्पलायी ऑईडी | |
| | उ– जन्म दिनांक (दिन/माह/वर्ष में अंकित करें) | |
| | ऊ– मोबाइल नम्बर | |
| | ए– ई–मेल | |
| | ऐ– वर्तमान/स्थायी पता | |
| | ऐ– शैक्षणिक योग्यता | |
| **2.** | **भामाशाह/दानदाता का पत्र व्यवहार का पता (विभाग** | हिन्दी यूनिकोड में 250 शब्दों में लिखें। |

| | | |
|---|---|---|
| | **द्वारा पत्र व्यवहार अंकित पते पर किया जावेगा)** | |
| **बी** | **प्रेरित भामाशाह द्वारा विद्यालयों में किये गये सहयोग का विवरण** | |
| | दानदाता/भामाशाह का विवरण जिसे प्रेरित किया– | भामाशाह द्वारा प्रेरक के नाम अंकित किये जाने के उपरान्त भामाशाह वार स्वतः ही प्रदर्शित होगी। |
| **सी** | **अन्य जानकारी व प्रमाणिकरण** | |
| 3. | आपकी प्रेरणा से दानदाताओं द्वारा किये गये सहयोग का विवरण | भामाशाहों/दानदातों द्वारा किये गये सहयोग के बार में हिन्दी यूनिकोड/गूगल हिन्दी टाईपिंग के माध्यम से 250 शब्दों में लिखें। |
| 4. | शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रेरक द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र/हित में सहयोग अवधि में किये गए अन्य महत्वपूर्ण सहयोगों का विवरण | शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में किये गये सहयोग के बार में हिन्दी यूनिकोड/गूगल हिन्दी टाईपिंग के माध्यम से 250 शब्दों में लिखें। |
| 5. | प्रेरक के विरूद्ध किसी प्रकार का कोई आपराधिक मामला न्यायालय में विचाराधीन है या नहीं। | प्रेरक के विरूद्ध कोई न्यायिक या आपराधिक मामला विचाराधीन है तो विवरण हिन्दी यूनिकोड में लिखें। |
| 6. | प्रेरक के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही विचाराधीन है या नहीं। | प्रेरक के विरूद्ध कोई विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही विचाराधीन है तो विवरण हिन्दी यूनिकोड में लिखें। |
| 7. | प्रेरक संक्षिप्त परिचय | विवरण हिन्दी यूनिकोड में 250 शब्दों में लिखें। |
| 8. | प्रेरक द्वारा हस्ताक्षर अपलोड करें। | .JEPG/.JPG फोरमेट में अधिकतम 100 किलोबाइट साइज में अपलोड करें। |